गांव की तीनो बेटियों का चयनित... पृष्ठ 2 | भ्रष्टाचार करने भाजपाई मरीजों को भी... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

मंगलवार, 09 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 317, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# प्रदेश में सौर ऊर्जा के उपभोक्ता ऊर्जा उत्पादक के साथ-साथ बन रहे हैं ऊर्जा दाता : मुख्यमंत्री साय

## प्रदेश में सौर ऊर्जा के उपभोक्ता ऊर्जा उत्पादक के साथ-साथ बन रहे हैं ऊर्जा दाता, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत राज्य सरकार की 1.85 करोड़ रुपये की सब्सिडी का ऑनलाइन अंतरण



**रायपुर।** प्रदेश में सौर ऊर्जा के उपभोक्ता अब केवल ऊर्जा उत्पादक ही नहीं, बल्कि ऊर्जा दाता भी बन रहे हैं। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जैसी महत्वाकांक्षी पहल के माध्यम से प्रदेश स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य की प्राप्ति के संकल्प को तीव्र गति से पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित सौर ऊर्जा जागरूकता और प्रोत्साहन अभियान को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सौर ऊर्जा के फायदों, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना और इसके अंतर्गत मिलने वाली सब्सिडी के विषय में लोगों को जानकारी देने और जागरूक करने के उद्देश्य से सूर्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 618 उपभोक्ताओं के खातों में प्रत्येक को 30 हजार रुपये की दर से कुल 1.85 करोड़ रुपये की राज्यांश सब्सिडी का ऑनलाइन अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और लगातार बढ़ता प्रदूषण हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है और छत्तीसगढ़ इस लक्ष्य की प्राप्ति में पूरे समर्पण और क्षमता के साथ अपनी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए हॉफ बिजली बिल से आगे बढ़ते हुए मुफ्त बिजली की ओर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने इसे हर्ष का विषय बताते हुए कहा कि प्रदेशवासी इस योजना के महत्व को समझते हुए स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आमजन से आग्रह किया कि वे अपने आसपास के लोगों को भी इस योजना से जोड़ें और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में प्रदेश को अग्रसर बनाने में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उपभोक्ताओं को सब्सिडी उपलब्ध करा रही हैं। साथ ही बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से आसान वित्तीय सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में



उपभोक्ताओं को पूर्ण रूप से मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत आज लाभार्थियों को लेटर ऑफ अवार्ड प्रदान किए गए हैं। इन योजनाओं से उपभोक्ता स्वयं सौर ऊर्जा का उत्पादन कर बिजली का विक्रय कर रहे हैं और साथ ही सस्ती बिजली का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सौभाग्य योजना के माध्यम से हर घर बिजली पहुँचाने का संकल्प लिया था। उस समय देश के 18 हजार गाँव अंधेरे में थे और आज उन सभी गाँवों तक बिजली पहुँच चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अब देश स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ में बिजली उत्पादन क्षमता केवल 1,400 मेगावाट थी, जबकि आज प्रदेश 30,000 मेगावाट का उत्पादन कर रहा है और पड़ोसी राज्यों को भी बिजली उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि नई उद्योग नीति के अंतर्गत ऊर्जा क्षेत्र में 3.50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू संपादित हुए हैं और आने वाले समय में प्रदेश की ऊर्जा



उत्पादन क्षमता और भी बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएँ और स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य की प्राप्ति में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएँ।

# कलेक्ट्रेट परिसर बना कचरे का ढेर आवारा पशु मंडराते हैं भोजन की तलाश में



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर, जहाँ आमजन अपनी समयाओं के समाधान और शासकीय कार्यों हेतु आते हैं, वहाँ गंदगी का अंबार देखने को मिल रहा है। परिसर के एक कोने में कचरे का देर जमा है, जिसमें में कागज, गंदगी और सडी-गली वस्तुएं फैली हुई हैं। इस कचरे पर आवारा पशु भोजन की तलाश में मंड्राते रहते हैं। इससे परिसर में न केवल बदबू फैल रही है बल्कि संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ रहा है। आमजन का कहना है। शासन प्रशासन की लापरवाही से कलेक्ट्रेट जैसा महत्वपूर्ण स्थान भी साफ-स्फाई से वंचित है।

## अटल टिंकरिंग लैब में साक्षरता सप्ताह का आयोजन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रजत जयंती के उपलक्ष्य में स्कूल शिक्षा विभाग (समग्र शिक्षा)छत्तीसगढ़ एवं आई आई टी भिलाई द्वारा स्कूलों में साक्षरता सप्ताह का आयोजन 1 से 6 सितंबर तक किया गया माध्यमिक विद्यालय मनेरी के एटीएल लैब के सभी छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रथम दिवस इंटेलिजेंस, द्वितीय दिवस ए एल के उपयोग और दुरुपयोग, तृतीय दिवस बेसिक गणित ,चतुर्थ दिवस कृषि, पंचम दिवस स्वास्थ्य , षष्ठम दिवस शिक्षा , और डाटा की उपयोगिता को जाना है ।

# नि:शुल्क महाकाल यात्रा कल से द्वारका रवाना होगी

## संस्कारधानी से 20 वर्षों से जारी परंपरा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी से निकलने वाली नि:शुल्क महाकाल ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा इस वर्ष भी बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजित हो रही है। इस धार्मिक यात्रा का इंतज़ार श्रद्धालु पूरे वर्ष करते हैं और अब इसकी तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं।

**यात्रा की जानकारी**- यात्रा प्रमुख पवन डागा और नीलू शर्मा ने बताया कि यह यात्रा 10 सितम्बर, बुधवार को सोमनाथ और द्वारका नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए रवाना होगी। इस बार यात्रा में 371 श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों से लगातार लगभग 300 श्रद्धालु हर वर्ष दर्शन हेतु जाते रहे हैं, किंतु इस बार संख्या और अधिक हो गई है। यह बढ़ती आस्था और विश्वास का प्रमाण है।

**ट्रेन से प्रस्थान**- श्रद्धालुओं का जत्था शालीमारङ्कओखा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन क्रमांक 22906) से द्वारका के लिए प्रस्थान करेगा। वापसी यात्रा ओखाङ्कशालीमार साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन क्रमांक 22905) से होगी।

**नि:शुल्क सेवा और आयोजक**- यह पूरी तरह नि:शुल्क यात्रा है। इसके आयोजक महाकाल सेना एवं महाकाल मंदिर सिंघौला हैं। समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं को यात्रा, भोजन, पानी



व ठहराव की पूरी व्यवस्था नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है। यह यात्रा लगातार 20 वर्षों से जारी है। शुरुआती वर्षों में इसमें कम श्रद्धालु शामिल होते थे, लेकिन अब यह यात्रा एक धार्मिक परंपरा और सामूहिक उत्सव का रूप ले चुकी है।

**सामाजिक सद्भाव का संदेश**- इस यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें सभी धर्म, जाति और समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु एक साथ दर्शन हेतु निकलते हैं। इससे सामाजिक सद्भाव, प्रेम और भाईचारे का संदेश पूरे क्षेत्र में फैलता है।

**तीन माह से चल रही तैयारी**- यात्रा समिति ने बताया कि विगत तीन माह से इस यात्रा की तैयारी की जा रही है। महाकाल सेवक स्वयं द्वारका, नागेश्वर और सोमनाथ जाकर व्यवस्थाओं की जानकारी एकत्र कर चुके हैं। उद्देश्य यह है कि किसी भी यात्री को यात्रा के दौरान भोजन, ठहराव, दर्शन या अन्य किसी सुविधा में कोई असुविधा न हो।

**यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रबंध**- समिति ने जानकारी दी कि यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया है। भोजन व पेयजल की स्वच्छ व्यवस्था, ठहरने के लिए सुरक्षित स्थान, चिकित्सा सुविधा में प्राथमिक उपचार सामग्री यात्रा दल के साथ उपलब्ध रहेगी। हर समूह के साथ महाकाल सेवक नियुक्त किए गए हैं, जो श्रद्धालुओं की सहायता करेंगे।

**पूर्व यात्राएँ और भविष्य की योजना**- अब तक महाकाल यात्रा समिति अयोध्या, काशी, उज्जैन, ओंकारेश्वर, सीहोर जैसे पवित्र स्थलों की यात्राएँ करवा चुकी है। समिति ने बताया कि आने वाले वर्षों में देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कराने की योजना बनाई गई है। यह अभियान धीरे-धीरे पूरे भारत के श्रद्धालुओं को जोड़ने वाला आंदोलन बनता जा रहा है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

**दिनवार यात्रा कार्यक्रम**

10 सितम्बर (बुधवार): राजनांदगांव से शालीमारङ्कओखा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (22906) द्वारा द्वारका प्रस्थान।

11 सितम्बर (गुरुवार): द्वारका धाम के दर्शन, द्वारकाधीश मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना।

12 सितम्बर (शुक्रवार): नागेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं आसपास के तीर्थ स्थलों का दर्शन।

12 सितम्बर (शुक्रवार रात): सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन।

13 सितम्बर (शनिवार): द्वारका एवं आसपास दर्शन-भ्रमण।

14 सितम्बर (रविवार): वापसी यात्रा का शुभारंभ, ओखाङ्कशालीमार साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (22905) से।

15 सितम्बर (सोमवार): राजनांदगांव वापसी।

# युगांतर में मेमोरी स्किल्स पर त्रिदिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 6वीं और 12वीं के हॉस्टलर विद्यार्थियों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए मेमोरी स्किल्स पर एक प्रभावशाली त्रिदिवसीय कार्यशाला का समापन विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी की उपस्थिति में हुआ। इस कार्यशाला को एक्सपर्ट मेमोरी ट्रेनर मोक्ष जैन नेल्लोर आन्ध्रप्रदेश के द्वारा विगत 5 सितंबर से संचालित किया जा रहा था। कार्यशाला में विद्यार्थियों के लिए इंटरैक्टिव और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित हुआ, जिसमें मोक्ष जैन ने विद्यार्थियों को यह बताया कि मेमोरी स्किल्स को विकसित करने के लिए विषय में



नियमित फोकस करने तथा लांग टर्म लर्निंग प्रोसेस से गुजरने की आवश्यकता होती है। उन्होंने मेमोरी स्किल्स को विकसित करने के लिए सिंपल टेकनिक्स बताई। इस संबंध में उन्होंने विद्यार्थियों से विविध प्रेक्टिकल भी कराए। उन्होंने विद्यार्थियों को संख्याओं को याद करने के तरीके बताए। इसी तरह उन्होंने अंग्रेजी के कठिन से कठिन शब्दों को स्टोरी गढ़कर याद करने की टेकनिक्स भी बताई। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टोरी मेकिंग के रूल्स भी बताए। उन्होंने इम्पासिबल, फनी, कलरफुल, साइज बिग-स्माल, चैन आर्डर, फ्लो, परफेक्ट पिक्चर जैसे शब्दों को स्टोरी मेकिंग के प्रमुख तत्वों के रूप में शामिल किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी मेमोरी को प्रभावी रूप से विकसित करने के लिए अपनी क्रिएटिव स्किल्स और अपने इंटरेस्ट को बरकरार रखने की सलाह दी। उन्होंने आगे बताया कि मेमोरी स्किल्स को विकसित करने की जो टेकनिक्स है, उसका रिवजन नियमित व्यावहारिक धरातल पर होना चाहिए।उन्होंने दो प्रकार के वर्ड्स का जिक्र किया। पहले प्रकार के पिक्चर वर्ड्स को याद करने में ज्यादा कठिनाई नहीं होती और दूसरे प्रकार के अबस्ट्रेक्ट वर्ड्स को याद करने में कठिनाई होती है। इसके लिए वर्ड्स को दो भागों में अलग करके कॉम्बिनेशन का निर्माण करना चाहिए। वर्ड्स के बिहेवियर में समानता होनी चाहिए, तभी हम उन्हें अपने इमोशंस से जोड़कर आसानी से याद कर सकते हैं। उन्होंने वर्ड्स कॉम्बिनेशन के निर्माण के समय एबव और बिलो जैसे वर्ड्स से बचने की सलाह दी।

# महावीर सनसिटी में गणेश उत्सव धूमधाम से मना



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महावीर सनसिटी, कंचनबाग में गणेश उत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष गणेश उत्सव पर्व का यह सातवां वर्ष है। गणेश स्थापना से लेकर गणेश विसर्जन तक सभी ने बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। सोसायटी के अध्यक्ष श्री आनंद चोपड़ा जी के नेतृत्व में गणेश पर्व की भव्यता साल दर साल बढ़ रही है। 11 दिनों तक रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रभारियों की नियुक्ति की गई थी। प्रतिदिन गणेश जी की सुबह शाम आरती पूजा के लिए सोसायटी के परिवार जनों की भागीदारी सराहनीय रही। प्रथम दिन गणेश स्थापना के पहले भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसका स्वागत जोर शोर से सभी ने किया। शाम गणपति स्थापना के बाद यूथ विंग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व सरप्राइज गेम का आयोजन किया गया। दूसरे दिन धन वर्षा हाऊजी के साथ , पारिवारिक खेल खेला गया, जिसमें सभी वर्गो ने हिस्सा लिया। तीसरे दिन म्यूजिकल अंताक्षरी व चौथे दिन बालीवुड नाईट में भी सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पांचवें दिन छप्पन भोग एवं महापूजा के साथ ही महारास गरबा का आयोजन किया गया था। छठवें दिन केबीसी, सातवें दिन मिस्टर एंड मिसेज सनसिटी, आठवें दिन सनसिटी गाट टैलेंट व नौवें दिन अंझोर वाषी द्वारा राक एंड रोल तथा रोल विथ एडवेंचर की प्रस्तुति दी गई। गणपति के दसवें दिन 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर सोसायटी के शिक्षकों का सम्मान किया गया, तथा शिक्षक प्रभारियों द्वारा मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चे, शिक्षक और अभिभावकों ने अपने मन की बात को सभी से साझा किया। ग्यारहवें दिन सुबह 9 बजे से गणपति हवन पूजन किया गया, तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी में सभी ने मिलकर भोजन ग्रहण किया। दोपहर 3 बजे विसर्जन जुलूस के साथ ही, शाम 6 बजे मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में पूरे विधि-विधान पूर्वक गणेश जी का विसर्जन किया गया। ग्यारह दिन तक चले गणेशोत्सव पर्व में अतुल चोपड़ा व अशोक अग्रवाल संयोजक रहें, जिन्होंने पूरे कार्यक्रमों की व्यवस्था को देखा। प्रतिदिन होने वाले पूजा में राजेश डागा, गोविंद मलानी, ओमप्रकाश माहेश्वरी, सारंग पहाड़े व राजेश गुप्ता अग्रहरि प्रभारी थे। रोजाना के ड्रेस कोड प्रभारी कृष्णा माहेश्वरी व गणेश मूर्ति श्रृंगार प्रभारी नीलू अग्रवाल थी। रोज शाम हाई की एवं प्रसादी के प्रभारी दिलीप गोलछा, राजेश सोनी, विनय गोयल व लालू सांखला थे। सभी कार्यक्रमों में बैंक स्टेज़ सपोर्ट, म्यूजिक अरेंजमेंट के लिए ट्विंकल चोपड़ा व कान्हा शर्मा के कार्य सराहनीय रहें। रोजाना के कार्यक्रमों के लिए मनीषा देवांगन, अर्पिता जेठानी, सेजल पांडे, रिया खंडेलवाल, पूजा



खंडेलवाल, वीभा गुप्ता, मधु साहू, शारदा पांडे, योगिता डागा, कल्पना अग्रवाल, मिताली साहू, सुशील कृष्णा माहेश्वरी, श्रद्धा रेड्डी, रितिका तिवारी, किरण खोटले, नीलम सोनी, श्रियल पांडे, दीप्ति बिंदल, उन्नति जैन, अरुण डागा, जसप्रीत कौर, पिंकी माहेश्वरी, राखी मलानी, शांता माहेश्वरी, पूजा बख्शी, मनीष साहिता, योगेश कोटक, कीर्ति भोजानी, देविका मानेक, प्रगति साहिता, रुपा कोटक, प्रिया भोजानी, अमीषा रायचा, रुपाली गांधी, राहुल कोठारी, कल्पेश चौहान, विशाल शर्मा, कुणाल शर्मा, रुचि श्रीवास्तव,मधु रामटेके को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। महावीर सनसिटी सोसायटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, सचिव दिलीप गोलछा व कोषाध्यक्ष राजेश डागा ने गणेशोत्सव पर्व के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किए, तथा आगामी कार्यक्रम भी इसी तरह उत्साह के साथ संचालन करने का निवेदन भी किए।उक्त जानकारी पी आर ओ मनीष सहिता कुणाल शर्मा ने दी।

# दैवी लाल साहू मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए

**डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय प्राथमिक शाला बरारमुंडी के प्रधान पाठक देवी लाल साहू अपने विद्यालय संकुल में शिक्षा की



अलख जगाते हुए उत्कृष्ट कार्य किए जिसके लिए डॉ.सर्व पल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस 5 सितम्बर 2025को शिक्षादूत से नवाजा गया प्रधान पाठक ने इस पुरस्कार को अपने लिए एक बड़ी प्रेरणा बताया और आगे भी शिक्षा के क्षेत्र तथा खेल के क्षेत्र में समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की संकल्प लिया उनको इस सम्मान पर मार्गदर्शकों ने जिला शिक्षा अधिकारी केसरिया सर विकास खंड शिक्षा अधिकारी एस के धीवर सर बी आर सी संतोष पांडे , संकुल समन्वयक गोविंद नारायण तारम , मनोज चंद्रवशी, भजन जी साहू राजेंद्र देवांगन फलेश्वर साहू भुवन साहू तथा प्रेमदास साहू , शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष फुलंदर साहू विक्रम मंडावी, हेमनाथ मंडावी, चेतन साहू पदुम गजभिए भारती निषाद, अध्यक्ष ग्राम पटेल नरेंद्र साहू आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# एरियर्स राशि की भुगतान के संबंध में छ.ग.शिक्षक संघ ने बीईओ को ज्ञापन सौंपा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एरियर्स राशि भूगतान संबंध में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ डोंगरगांव के द्वारा बी.ई.ओ. रोहितलाल को



ज्ञापन सौंपा गया है , छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ अध्यक्ष जीवन साहू ने बताया है कि समयमान वेतनमान देने हेतु संचनालय दुर्ग से दिसंबर 2024 से आदेश प्राप्त हो चुका है समयमान वेतन के लिए जो पात्र शिक्षक है उन्हें अतिशीघ्र पात्रता अनुसार भुगतान किया जावे किंतु आज पर्यन्त तक बीईओ. डोंगरगांव के द्वारा भुगतान नहीं किया गया है इसके संबंध में पूर्व में पेंशनर्स संघ के द्वारा मौखिक एवं लिखित सूचना भी दी जा चुकी है। इस संबंध में छ. ग .शिक्षक संघ के डोंगरगांव द्वारा सामूहिक ज्ञापन सौंपा गया है।

# डॉ? शोभा श्रीवास्तव, प्राचार्य, बीजेभाठा, का राज्यपाल ने शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती जो कि शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है शिक्षक दिवस अवसर पर राज भवन के दरबार हॉल में हुआ आयोजन किया गया, कार्यक्रम में डॉ? शोभा श्रीवास्तव को यह राजकीय सम्मान छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रामेन डेका , प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के कर कमलों से प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण विराजमान थे। राज्य शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी , लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक ऋतुराज रघुवंशी , उपसंचालक सहायक संचालक, एससीईआरटी के आलोक शर्मा, तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित थे।



# मटिया में गणेश विसर्जन धूमधाम से किया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत श्रेत्र के वार्ड मटिया में शिव शक्ति गणेश उत्सव समिति द्वारा ग्यारह दिन तक विधि विधान से पूजा अर्चना कर शनिवार को धूमधाम से गणेश बप्पा की मूर्तियों का विसर्जन किया, लाखों के महंगी डीजे धूमाल की बजाए, सामान्य धार्मिक यात्रा निकाली



**युवाओं ने किया बदलाव**

नगरीय क्षेत्र में नगर के कई गणेश उत्सव समिति ने लाखों रुपए के महंगा डीजे धूमाल लगाकर एक दिन में लाखों रुपए खर्च कर देते है वही एक ओर युवाओं ने बदलाव करते हुए एक सामान्य धार्मिक यात्रा निकाली गई, गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने गणपति बप्पा मौर्या अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे की घोष करते हुए शिवनाथ नदी में भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर विसर्जन किया।

# एचवी जागरूकता हेतु समता जन कल्याण समिति द्वारा हाई स्कूल सोमनी में कार्यक्रम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समता जन कल्याण समिति, राजनांदगांव द्वारा एचआईवी इंतेनसिफ्ई कैंपन के अंतर्गत ग्राम सोमनी स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एचआईवी / एड्स एवं यौन संचारित रोगों ( एसटीआई) की रोकथाम, बचाव एवं जाँच संबंधी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुवात संस्था के अध्यक्ष श्री शिशुपाल खोबरागाड़े जी के द्वारा संस्था के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए जिले मे एचआईवी की स्थिति से अवगत कराया एवं जिले मे मिलने वाली सुविधाओं के विषय मे जानकारी दी गई, कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को एचआईवी एवं एसटीआई के फैलने के कारण, सुरक्षित रहने के उपाय, आवश्यक जाँच केंद्रों की जानकारी तथा परामर्श एवं सहायता हेतु राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर - 1097 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला अस्पताल राजनांदगांव से आईसिटीसी काउंसलर एवं टी आई परियोजना से आउटरिचवर्कर सतरूपा साहू, प्रसन्ना भलाधारे एवं किशन साहू उपस्थित रहे। f



# थिंक.एस इम्पैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित हुआ सृजन सामाजिक संस्था

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज छत्तीसगढ़ और सर्वहितम के संयुक्त तत्वावधान में एनआईटी रायपुर के सह आतिथेय में छत्तीसगढ़ का पहला सीएसआर एक्सीलेंस अवॉर्ड थिंक.सो इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का सफल आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉलए न्यू सर्किट हाउसए सिविल लाइनए रायपुर में सफलतापूर्वक किया गयाए जिसमें सृजन सामाजिक संस्था राजनांदगांव को ईयर आफद एनजीओ से सम्मानित किया गया। सृजन सामाजिक संस्था के संचालक शरद श्रीवास्तव ने यह सम्मान ग्रहण किया। संस्था विगत 25 वर्षो से सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संचार के माध्यम से विभिन्न विषयों विशेषकर स्वास्थ्यए पोषणए शिक्षाए स्वच्छता एवं बाल अधिकार जैसे मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। यह आयोजन राज्यभर में स्थायी बदलाव ला रही कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी ;सीएसआरद्ध की पहलों को पहचान देनेए प्रोत्साहित करने और बेहतर परियोजनाओं को मॉडल बनाने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सीएसआईडीएस के अध्यक्ष राजीव अग्रवालए बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्माए यूनिसेफ से अभिषेक सिंहए उरला इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग एवं जिला ट्रेड एवं इंडस्ट्री सेंटर के जनरल मैनेजर हेमेश देवांगन उपस्थित थे।



# गांव की तीनो बेटियों का चयनित नगर सेना होमगार्ड का हुआ सम्मान

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संकल्प जन सेवा समिति देवरी द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु संचालित नि:शुल्क कोचिंग क्लास, नि:शु ल्क फिजिकल कैंप एवं नि: शुल्क लाइब्रेरी का लाभ लेकर गांव की बेटियों का सम्मान किया गया है जिनमे कु. गायत्री साहू ग्राम ङ्क चेंदरी बननवागांव, कु. त्रिवेणी बनपेला, ग्राम-किसना, कु.धनेश्वरी निषाद, ग्राम सिंगारपुर का नगर सेना (हॉस्टल ड्यूटी) में चयन होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया . तीनो छात्राओं को नगर सेना को शुभकामनाओ के साथ उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मोमेंटो से सम्मानित किया गया. तीनो चयनित नगर सेना ने अपनी सफलता का राज बताया संकल्पित मन, अनुशासन कड़ी मेहनत, संकल्प कोचिंग का मार्गदर्शन से सफलता मिली व इनके माता-पिता ने अपने आप को गर्वान्वित महसूस किया. अध्यक्ष भरत देवांगन ने बताया है कि आंचलिक ग्रामीण युवा के लिए सुनहरा अवसर जिसमे नि:शुल्क कोचिंग के साथ समय समय पर सफलता प्राप्त कर चुके अधिकारियों/कर्मचारियों का मार्ग दर्शन मिलता है आर्थिक स्तिथि ठीक नहीं होने के कारण कई स्टूडेंट्स बाहर जाकर कोचिंग का फीस व रहने की व्यवस्था नहीं कर पाते. और अधिकतर स्टूडेंट्स का सोच रहता है की बाहर कोचिंग करेंगे तभी सफल होंगे या जॉब लगेगा. संकल्प कोचिंग आंचलिक ग्रामीण युवाओ को ये बता रही है कि संकल्पित मन से किया गया परिश्रम उचित मार्गदर्शन से सफलत जरुर प्राप्त होती है. संकल्प कोचिंग की उपलब्धियां के लिए इस संस्था से जुड़े समस्त



शिक्षकगण बधाई के पात्र है जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से बच्चो के मार्गदर्शन में अहम् भूमिका निभाए है. अगले 6 माह में और भी नि:शुल्क कोचिंग में अध्यनरत लगभग 10-15 स्टूडेंट्स को सफलता मिलेगी. अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों की उपस्तिथि में हुआ ,नगर सेना का सम्मान में परियोजना अधिकारी डॉ विरेंद्र साहू ने छात्र छात्रओं को संबोधित करते हुए कहा की किसी भी परीक्षा के तैयारी के लिय पढना जरुरी है पर कैसे पढाई करना है ये जानना बहुत जरुरी है तभी सफलता प्राप्त होगी , शिक्षक माधव साहू ने कहा गांव कि तीन बेटियों ने कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर यह सफलता और सम्मान पाया है कोई भी कार्य में सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम जरूरी है आगे अपने लक्ष्य पाने के लिए लगन के साथ साथ कड़ी मेहनत भी जरूरी है कार्यक्रम में अन्य सभी अतिथिगण ने अपना अपना अनुभव साझा किया इस कार्यक्रम में डॉ वीरेन्द्र साहू परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग डोंगरगांव, डॉ एस के यदु सेवानिवृत्ति चिकित्सक, कामता प्रसाद यादव छत्तीसगढ़ पुलिस, सी के साहू सीआरपीएफ रामसिंग देवांगन नगरसेना राघुवेंद्र साहू शिक्षा विभाग, परदेशी राम साहू प्शिरधान पाठक , शिक्षक माधव साहू , यशवंत साहू आर.आई. डोंगरगढ, अनिल साहू 8 बार नेशनल प्लेयर रनिग. जनप्रतिनिधि में कांति प्रकाश सोनबरसा अध्यक्ष जनपद डोंडी लोहारा, बरसान निषाद विधायक प्रतिनिधी, विवेक वैष्णव अध्यक्ष जन भागीदारी खेरथा कॉलेज, पोषण बनपेला भूतपूर्व उपाध्यक्ष जनपद डोंडी लोहारा, टुमन साहू जनपद सदस्य डोंडी लोहारा, राधेशयाम देवांगन अध्यक्ष सोसाइटी देवरी, पोषण देवांगन उपसरपंच पसौद, प्रकाश सोनबरसा उपसरपंच फरदफोड़, खिलेश्वरी साहू ओबीसी मानवाधिकारी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, हितेश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय अखंड ब्राम्हण समाज युवा प्रकोष्ठ. इस आयोजन को सफल बनाने में समस्त स्टाफ— नि:शुल्क कोचिंग के शिक्षक घनश्याम पटेल, शिक्षिका नीतू मेडम, योगेश्वर निषाद, महादेव यादव, जितेन्द्र चौबे, महेश यादव, मिथलेश निर्मलकर, वोमेंद्र, सीना वैष्णव एवं समस्त छात्र छात्राओं का बहुमूल्य योगदान रहा.

# जीएसटी सुधार से जनता को बड़ा फायदा, यह मोदी सरकार का दूरदर्शी कदम - अंजु त्रिपाठी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा हाल ही में घोषित जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए कहा कि यह फैसला आम परिवारों, छोटे व्यापारियों और किसानों के लिए सीधी राहत लेकर आया है। प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी सुधारों को आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा आर्थिक कदम बताते हुए कहा है कि इससे कर प्रणाली सरल बनेगी और जनता को च्डबल फायदाज्ज् मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसे च्हर परिवार तक पहुंचने वाला सुधारज्ज् करार दिया और कहा कि अब जीएसटी का ढांचा ज्यादा पारदर्शी और व्यावहारिक हो गया है।



**जीएसटी सुधारों की मुख्य बातें** - नए सुधारों के तहत जीएसटी ढांचे को सरल बनाते हुए अब केवल दो प्रमुख दरें — 5त्न और 18त्न लागू की जाएंगी। इससे व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को सुविधा होगी। घरेलू उपयोग की वस्तुएं जैसे साबुन, टूथपेस्ट, पनीर, पैक्ड फूड आदि पर अब कम कर लगेगा। इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे टीवी, एसी और डिशवॉशर पर कर घटाकर 18त्न कर दिया गया है, जिससे इनकी कीमतों में सीधी कमी आएगी। कृषि उपकरण, छोटे वाहन और भवन निर्माण सामग्री पर भी कर दरें कम की गई हैं, जिससे किसानों और मझोले परिवारों का बोझ घटेगा। ये सुधार 22 सितंबर 2025 से लागू होंगे, यानी नवरात्रि और त्योहारों से पहले ही आम जनता को इसका फायदा मिलेगा।

**नगर पंचायत अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी ने कहा —**

मोदी सरकार के इस निर्णय से डोंगरगांव और आसपास के कस्बों के लोगों को सीधी राहत मिलेगी। महंगाई पर अंकुश लगेगा और मध्यमवर्गीय परिवार त्योहारों में बेहतर बजट के साथ ज़रूरी सामान खरीद पाएंगे। यह सुधार छोटे व्यापारियों और किसानों के लिए भी लाभकारी है, क्योंकि कर ढांचे की सरलता से व्यापार करना आसान होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री मोदी के च्सबका साथ, सबका विकासज्ज् के विज़न को और मज़बूत करता है। जीएसटी में सरलता आने से व्यापारियों का समय बचेगा, टैक्स प्रक्रिया आसान होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

# प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह भा.ज.पा. अनुसूचित जनजाति मोर्चा का भव्य स्वागत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी अ.ज.जा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह के प्रथम आगमन पर शुक्रवार को दुर्ग संभाग भर के भा.ज.पा.अ.ज.जा. मोर्चा कार्यकर्त्ता और पदाधिकारिओं ने उनका स्वागत जोरदार किया। स्वागत के सिलसिला जिला गोड़वाना भवन रामकृष्ण से शुरू हुआ। साथ में अ.ज.जा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीलकंठ गढ़े प्रांता उपाध्यक्ष एम.डी. ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र महला उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष का काफिला सबसे पहले गोड़वाना भवन रामकृष्ण पहुँचा। यहाँ उन्होने बुढ़ा देव मंदिर की पूजा अर्चना के पश्चात शहीद वीर नारायण सिंह जी की प्रतिमा का पूजा अर्चना किया साथ में विकास मरकाम अध्यक्ष छ.ग. आदिवासी स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधि पादप बोर्ड उपस्थित रहे। भवन में पूजा अर्चना के पश्चात रामकृष्ण नगर निकले भाजपा कार्यालय के प्रवेश द्वार तक पहुँचे पुन: आतिश बाजी एवं रिलो नृत्य से स्वागत किया गया कार्यकर्त्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने का आव्हान किया। इसके बाद भाजपा कार्यालय में अभिनंदन हुआ। मान. सत्य नारायण सिंह प्रदेश अध्यक्ष अ.ज.जा मोर्चा भाजपा छ.ग. के एवं मान. विकास मरकाम अध्यक्ष छ.ग. आदिवासी स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधि पादप बोर्ड को एम.डी. ठाकुर प्रांता उपाध्यक्ष एवं डॉ. देवेन्द्र महला प्रांता उपाध्यक्ष, नीलकंठ गढ़े जिलाध्यक्ष राजनांदगांव, अग्रहित मंडावी जिलाध्यक्ष खैरागढ़, जिलाध्यक्ष कवर्धा हेमंत ठाकुर संयुक्त रूप से गजमाला से स्वागत किया। साथ ही नीलकंठ गढ़े के द्वारा एवं एम.डी. ठाकुर द्वारा विशेष रूप से मान. अध्यक्ष श्री सत्यनारायण सिंह एवं मान. श्री विकास मरकाम जी का क्रमश: स्वागत च्माडिया़ मुकुटज्ज् पहनाकर सम्मान किया। स्वागत उद्बोधन में नीलकंठ गढ़े जिलाध्यक्ष अ.ज.जा मोर्चा कहा अपने पूर्व में किए गए कार्यो का बखान करते हुए कहा कि आगे से बेहतर संगठन का कार्य अच्छा हो चुका है ।



# आज विश्व फिजियोथैरेपी दिवस मनाया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर और राजधानी के युवा फिजियोथेरेपी चिकित्सक डॉ. गीतेश कुमार अमरोहित ने लंबे समय तक राजधानी रायपुर के मेकाहारा के न्यूरोसर्जरी विभाग में सेवा देने के पश्चात अब पूर्णरूपेण लेखन कार्य कर रहे हैं। उनकी लिखी फिजियोथेरेपी की दर्जन भर से ज्यादा पुस्तकें देश ही नहीं विदेशों में भी काफी लोकप्रिय हैं। अपने फिजियोथेरेपी के अंतिम वर्ष की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने उसी वर्ष की किताब लिख दी थी। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर उनसे दैनिक नांदगांव टाइम्स से की खास बातचीत - डॉ. गीतेश अमरोहित का कहना है कि फिजियोथेरेपी एक सैद्धांतिक चिकित्सकीय विज्ञान और जीवनशैली का अनुशासन है। यह उपचार ही नहीं करता बल्कि स्वस्थ कैसे रहें इसका गुर भी सिखाता है। वर्तमान में लाइफस्टाइल से संबंधित बीमारियों से लोग अधिक ग्रस्त हो रहे हैं मसलन कमर दर्द, गरदन दर्द, घुटने का दर्द, हृदय और फेफड़ों से संबंधित बीमारियां। इन सब बीमारियों के बचाव और उपचार में फिजियोथेरेपी कारगर है। डॉ. अमरोहित का कहना है कि मशीनों और एक्सरसाइज के माध्यम से फिजियोथेरेपी की चिकित्सा की जाती है। मरीज, महिला है या पुरूष, बीमारी, हृदय की धडक़न, उम्र, वजन और ऊंचाई को आधार बनाकर थैरेपी दी जाती है। मरीज व बीमारी की स्थिति अनुसार कसरत, कितनी बार, कैसे, कितनी देर करनी है यह तय किया जाता है। अस्थि रोग, न्यूरो, हृदय रोग, स्पोर्टस, स्त्री रोग, शिशु रोग के लिए अलग-अलग फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञ होते हैं। आजकल जानवरों के लिए वेटनरी फिजियोथेरेपिस्ट होते हैं। फिजियोथेरेपी किसी मरीज को किस समय करवाना चाहिए इस विषय पर डॉ. अमरोहित का कहना है कि हल्के नाश्ते के बाद या खाना खाने के तीन घंटे बाद आप फिजियो उपचार ले सकते हैं। कसरत से पहले और कसरत के बाद पानी जरूर पीना चाहिए। बीमारी के अनुसार आहार विशेषज्ञ से डाइट चार्ट बनवा लेनी चाहिए। फिजियोथेरेपी के नई तकनीकों के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. अमरोहित ने बताया कि आजकल चर्म रोग, स्त्री रोग में भी फिजियोथेरेपी उपचार विधा का सहारा लिया जा रहा है। कोई भी ऑपरेशन के बाद मरीज को अस्पताल से जल्दी घर पहुंचाने में और वापस अपने काम पर लौटाने में फिजियोथेरेपी उपचार का कोई तोड़ नहीं है।



**मरीज को किन पांच चीजों को ध्यान देना चाहिए** -

एक्सपर्ट फिट हो। मोटापे से ग्रस्त और पैरालिसिस के मरीज को आसानी से एक्सरसाइज करा सके। थैरेपी का सेंटर घर से नजदीक हो ताकि नियमित उपचार ले सके। ऐसे सेंटर का चुनाव करें जहां विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट ही उपचार करते हों। सेरेब्रल पाल्सी, मस्कुलर डिस्टाफी जैसे कई मरीजों का उपचार जीवन भर चलता है,

## सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओ के हितग्राहियो का भौतिक सत्यापन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं के हितग्राहियो का प्रतिवर्ष वार्षिक सत्यापन कराया जाता है। उक्त कार्य मैन्युअली होता रहा है, भारत सरकार के निर्देशानुसार अब आधार आधारित मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सत्यापन किया जा रहा है। निकाय क्षेत्र के कुल 51 वार्डो में से 30 वार्डो के पेंशन हितग्राहियो का पेशन सत्यापन किया जा चुका है। शेष वार्डो के पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन करने शेष वार्डो में दिनांक 2 सितम्बर से 12 सितम्बर 2025 तक प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बुधलाल कंवर पिता गौदसिंह निवासी ग्राम पठानढोडगी पो. बेलरगोंदी, तह. कुमरदा जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं।

मैं यह शपथ करता हूं कि मेरी पुत्री का पुराना नाम घनेश्वरी (GHANESH-WARI)) पिता बुधलाल कंवर के स्थान पर पुराना नाम को परिवर्तित कर मैंन अपनी पुत्री का नया नाम धनेश्वरी कंवर पिता बुधलाल कंवर रखवा लिया हूं। अतः अब मैं अपनी पुत्री के समस्त शासकीय , अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में धनेश्वरी कंवर (DHANESHWARI KANWAR) पिता बुधलाल कंवर के नाम से ही जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूं।

**बुधलाल कंवर**
**पिता गौदसिंह**
**निवासी ग्राम पठानढोडगी पो. बेलरगोंदी, तह. कुमरदा जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

# पुलिस चौकी सुरगी के 27 गांवो मे पहले हुई पूर्ण शराब बंदी,नहीं माने तो लगाया जुर्माना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के दिशा निर्देश एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में पूरे जिले पर नशा मुक्ति अभियान व्यापक स्तर पर चलाए जा रहा है इसी के तहत जिले के पुलिस चौकी सुरगी अंतर्गत कुल 27 ग्राम आते हैं इन 27 ग्रामों में सर्व समाज प्रमुखों,स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी शंकर गिरी गोस्वामी एवं उनके स्टॉप टीम के सराहनीय प्रयास से पूर्ण शराबबंदी हुई है। पुलिस चौकी सुरगी द्वारा गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रही है और शराब, गांजा सेवन से होने वाले नुकसान को बताकर जागरूकता करने का कार्य निरंतर कर रही है।




पूर्ण शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब,गांजा की बिक्री करने वालों चोरी छिपे इस काम को अंजाम देने का कार्य कुछ ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा था। जिसे ग्रामीणों ने पड़ककर वापस ग्राम में बैठक लेकर उन पर जुर्माना दंडित किया गया ताकि वह दोबारा और ना कर सके। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मोखला में तीन व्यक्तियों को दंडित जुर्माना वसूला गया है जिसे दंडित राशि एक व्यक्ति से 21,000 रुपए, दूसरे व्यक्ति से 20,000 रुपए,तीसरे व्यक्ति से 10,000 रुपए की जुर्माना दंडित में वसुला गया है।जन प्रतिनिधियो ने बताया कि दंडित राशि का इस्तेमाल ग्राम विकास के कार्यों मे उपयोग किया जावेगा। इसी तरह से ग्राम भर्रेगांव मे शराब बेचने वाले से 31,000 हजार और शराब पीकर गाली गलौच करने से वाले से 5100 रुपए दंडित जुर्माना लिया गया है। ग्राम आरला मे भी शराब पीकर गाली गलौच करने वाले से 5000 हजार जुर्माना लिया गया। बता दें कि बीते कुछ माह पूर्व ही इन 27 ग्रामों में एक ऐतिहासिक और बड़ा फैसला लेते हुए गांव की सीमाओं की भीतर शराब और गांजा की बिक्री व सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था नशा मुक्ति की दिशा में उठाए गए इस कदम का गांव के लोगों ने सर्वसम्मति समर्थन किया व नियम तोड़ने वालों पर भारी भरकम दंड का प्रावधान किया गया और ग्राम सभा में तय की आगे की गांव में यदि कोई व्यक्ति शराब या गांजा बेचते हुए पकड़ा जाता है तो उन पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा और खरीदने वालों को भी नहीं छोड़ा जाएगा ऐसे लोगों से 20,000 रुपए दंड वसूला जाएगा।

**महिलाएं एवं स्कूली बच्चे परेशान**

शराब सेवन से पति पत्नी प्रतिदिन लड़ते झगड़ते की शिकायत आए दिन थाने में आते रहते हैं जिसमें महिलाओं कि अक्सर शिकायत रहती है कि उनके पति शराब पीकर गंदी-गंदी गालियां एवं मारपीट करती है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा0मा0क्र.202503094600006
अ-6 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता एवं मोहल्लेवासी ग्राम ठाकुरटोला, प.ह.नं. 57 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश डाकलिया आ. स्व. श्री जीवनचंद डाकलिया निवासी महावीर हाईटस चौखडिया पारा शहर तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा ग्राम ठाकुरटोला प.ह.नं.-67 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 61/15 रकबा 0.2020 हे0 विक्रेता महावीर इन्फ्रांकन प्रा.लि. डायरेक्टर श्री विकास बोहरा आ0 श्री जेठमल बोहरा निवासी जयस्तंभ चौक तहसील व जिला राजनांदगांव से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20/01/2015 के माध्यम से बधनाना कीमती रूपये 2,86000/- (दो लाख छ्यासी हजार रूपये मात्र) में क्रय किया गया है। अतएव आवेदक द्वारा उक्त क्रयसुदा भूमि के खाते में पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 15/09/2025 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 01/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक - 01/09/2025**
**सुनवाई दिनांक - 15/09/2025**
)

सील — **नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रा0मा0क्र0 202503094600005
अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता एवं मोहल्लेवासी ग्राम ठाकुरटोला, प.ह.नं.-57 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नरेश डाकलिया आ. स्व. श्री जीवनचंद डाकलिया निवासी महावीर हाईटस चौखडिया पारा शहर, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा ग्राम-ठाकुरटोला प.ह.न.-57 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 61/15 रकबा 0.2020 हे. विक्रेता महावीर इंफ्राकन प्रा.लि. डायरेक्टर श्री विकास बोहरा आ. श्री जेठमल बोहरा निवासी जयस्तंभ चौक तहसील व जिला राजनांदगांव से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20/01/2015 के माध्यम से बयनामा कीमती रूपये 2,35000/- (दो लाख पैतीस हजार रूपये मात्र) में क्रय किया गया है। अतएव आवेदक द्वारा उक्त क्रयसुदा भूमि के खाते में पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 15/09/2025 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 01/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक - 01/09/2025**
**सुनवाई दिनांक - 15/09/2025**

सील — **नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**
**नोटिस**

रा.प्र.क्र. 202 406090200001/ 0910/श्रद्य अ/6 वर्ष 2024-2025
ग्राम-घोरतालाब, तहसील-छुरिया
प्रति.
1. करमवीर सिंह आ. श्री बच्चा सिंह राजपूत निवासी रावनभाठा, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग
2. राहुल अग्रवाल आ. श्री विजय अग्रवाल निवासी मकान नं. 206, एस बी हाईट्स, वार्ड 43 लखोली तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

विषय :- सुनवाई हेतु उपस्थिति बाबत।
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है, कि अपीलार्थी प्रवीण कुमार आ. यशवंत राव लाडे, कृषक ग्राम घोरतालाब, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव द्वारा न्यायालय तहसीलदार छुरिया के रा.प्र.क्र. 202406090200001 अ/6 वर्ष 2023-24 पक्षकार राहुल अग्रवाल विरूद्ध प्रवीण कुमार ग्राम घोरतालाब में पारित आदेश दिनांक 28.03.2025 से व्यथित होकर अपील अंतर्गत धारा 44 (1) छ.ग.भू.रा. संहिता के अंतर्गत अपील प्रस्तुत किया गया है।
उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.09.2025 को इस न्यायालय में दोपहर 3.00 बजे की जावेगी। जिसमें आप स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
अतः सूचना जाने।
जारी दिनांक - 03/09/2025
सुनवाई दिनांक - 17/09/2025

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव**

nandgaon times sep-09-4.qxd 9/8/2025 9:04 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) गोद लेने की जागरूकता माह प्रतिवर्ष किस महीने में मनाया जाता है?*

*2) भारत के पहले वस्त्र मशीन पार्क का घर कौन सा शहर बना है?*

*3) किस भारतीय शिपयार्ड ने आईएनएस सुनयना को डिजाइन और निर्मित किया?*

*4) हाल ही में खबरों में देखी गई तिस्ता नदी किस हिमनद झील से निकलती है?*

*5) हाल ही में चर्चा में रहा एक्सियल सीमौंट किस महासागर में स्थित है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) नवंबर (2) कानपुर, उत्तर प्रदेश (3) गोवा (4) त्सो ल्हामो झील (5) प्रशांत महासागर

# भ्रष्टाचार करने भाजपाई मरीजों को भी नहीं छोड़ रहे : कुलबीर

## निर्धारित दर से चार गुना अधिक दामों पर 128 स्लाइस सिटी स्कैन मशीन की हुई खरीदी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पेन्ड्री जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन खरीदी में आर्थिक अनियमितता सामने आ रही है। निर्धारित मूल्य से तीन से चार गुना अधिक दर पर मशीन का क्रय किए जाने को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 08 सितंबर सोमवार को कांग्रेसजनों द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्षतापूर्वक जांच की मांग की है। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि सिटी स्कैन मशीन की मांग कांग्रेस द्वारा लगातार किया जा रहा है मांगे तो पूरी हो गई किन्तु सिटी स्कैन मशीन निर्धारित दर से तीन से चार गुना अधिक से की गई जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर न्यायसंगत उचित कार्यवाही की मांग की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि राजनांदगांव जिलेवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार भूपेश बघेल व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की अनुशंसा पर पेन्ड्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल को सिटी स्कैन मशीन के



लिए दो करोड़ रूपए की सौगात तो दे दी, किन्तु छग प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद सिटी स्कैन मशीन लगाने के लिए लेटलतीफी शुरू कर जिसके कारण मेडिकल अस्पताल में भर्ती मरीजों को अस्पताल प्रबंधन भाजपाई के साथ सांठगांठ कर लाभ कमाने के चक्कर में सिटी स्कैन कराने मरीजों को प्राइवेट अस्पताल भेज रहे थे। जिस पर शहर कांग्रेस द्वारा लगातार सिटी स्कैन मशीन खरीदी कर जनता को राहत देने की मांग को लेकर धरना-आंदोलन प्रदर्शन किया तब जाकर भाजपा सरकार 128 स्लाइस सिटी स्कैन मशीन की खरीदी की किन्तु इसमें भी भारी भ्रष्टाचार हुआ है। कांग्रेस का आरोप है कि जिले भर में शासकीय खरीदी-बिक्री व अन्य कोई भी कार्य पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व स्थानीय भाजपाई नेता की सांठगांठ से चल रहा है। जनता की गाढ़ी कमाई को डा. रमन सिंह अपने चहेतो को लाभ पहुंचाने भारी अनियमितता के तहत खरीदी में एकमात्र टेंडर भरने के बावजूद उन्हें दिया गया जबकि इसे सीधे कंपनी से भी मशीन खरीदी क्रय कर आर्थिक अनियमितता से बचा जा सकता लेकिन मशीन के निर्माता कंपनी के निर्धारित मूल्य से तीन से चार गुना अधिक दर पर मशीन क्रय कर बिना टेस्ट किए ही राशि का भुगतान कर दिया गया। जो एक तरह से सरकारी राशि का दुरूपयोग व भारी अनियमितता दर्शाता है। जिसको लेकर कांग्रेसजनों द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 128 स्लाइस सिटी स्कैन मशीन की खरीदी के सभी दस्तावेजों की जांच करते हुए भ्रष्टाचारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, इकरामुद्दीन सोलंकी, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री नासिर जिंदरान, अभिमन्यु मिश्रा, बबलू कसार, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शकील रिजवी, सुरेन्द्र देवांगन, ऋषि शास्त्री, विशु अजमानी, तौसिफगोरी, मयंक सोनी, संदीप जायसवाल, सुरेन्द्र गजभिए, मोती जंघेल, अभय गुप्ता, शौर्य वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## बाल देवो भवः सूत्र वाक्य के साथ दुर्ग संभाग में शिक्षा गुणवत्ता अभियान को नई दिशा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री के मंशानुरूप शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आज शासकीय पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में कबीरधाम एवं बेमेतरा जिले की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दोनों जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, सहायक जिला परियोजना अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य तथा संकुल समन्वयक शामिल हुए। इस अवसर पर लगभग 700 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में बाल देवो भवः बच्चों का सम्मान ही समाज की सच्ची प्रगति का आधार है। सूत्र वाक्य को केन्द्र बिन्दु के रूप में स्वीकार किया गया। इस भावना को आत्मसात करते हुए संभाग के प्रत्येक विद्यालय में 13 सितम्बर तक यह सूत्र वाक्य अंकित करने के निर्देश दिए गए।



## माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष एवं नारी उत्थान की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला को प्रतिवर्ष ज्माता बहादुर कलारिन सम्मानज्ज् प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित महिला को 2 लाख रूपए की राशि एवं प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। यह सम्मान महिलाओं को सामाजिक न्याय, साहसिक नेतृत्व एवं सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इच्छुक एवं पात्र महिलाएं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 26 सितंबर 2025, सायं 5:30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में जमा कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कबीरधाम के सूचना पटल एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं।



# शोकाकुल खोब्रागढे परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव के वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोबरागड़े की माता के दिवंगत होने के पश्चात शोकाकुल खोबरागडे परिवार से मिलने और सांत्वना सह श्रद्धांजलि अर्पित करने लगातार जनप्रतिनिधियो एवं प्रतिष्ठित जनों का आगमन लगातार हो रहा है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी श्रद्धांजलि अर्पित करने व परिवार को संवेदना व्यक्त करने निवास पहुंचे। सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय रहने वाली श्रीमती अर्चना बाई खोब्रागढ़े का शुक्रवार 29 अगस्त को निधन हो गया। अर्चना बाई लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहीं । वे अपने पीछे पति, तीन पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। दिवंगत श्रीमती अर्चना बाई खोबरागड़े, जो कन्हैयालाल खोब्रागढ़े की धर्मपत्नी थी, जिन्हें बौद्ध समाज के वरिष्ठ नेताओं के रूप में प्रदेश में पहचाने जाते हैं। तथा देशबंधु के ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े व एफएम रेडियो संगवारी के संचालक शिशुपाल खोबरागडे की माता है। अभिषेक सिंह ने परिजनों से मुलाकात पर संवेदनाएं प्रकट कि और परिवार को इस घड़ी में संबल देने की प्रार्थना की उनके साथ तरुण लहरवानी, देवशरण सेन, पार्षद शेखर यादव,राजेश यादव,प्रशांत गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव, अशोकादित्य श्रीवास्तव, बलवंत साव, मोहन सिन्हा, प्रवीण शुक्ला, आशीष सिन्हा, भारत साहू आदि उपस्थित थे।

## वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं में वीरता, अदम्य साहस एवं आत्मबल सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को प्रतिवर्ष ज्वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कारज्ज् प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित महिला को 2 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र महिलाएं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 26 सितंबर 2025, सायं 05:30 बजे तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में प्रस्तुत कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी एवं निर्धारित आवेदन प्रारूप जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम के सूचना पटल एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।000



# ग्राम इंदामरा में बार.बार बिजली गुलए ग्रामीण बेहाल

## परमानंद वर्मा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापनए कहा. जल्द समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम इंदामरा इन दिनों बिजली गुल की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। दिन में कई बार घंटों तक बिजली बंद हो जाने से गांव के नागरिकों का जनजीवन अस्त.व्यस्त हो गया है। घरेलू कार्यए छात्रों की पढ़ाईए किसानों के मोटर पंप से सिंचाई कार्यए दुकानदारों का व्यवसायकृसब पर इसका असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जैसे ही बिजली बंद होती हैए वे इसकी सूचना देने के लिए विभागीय अधिकारियों को फोन करते हैंए लेकिन अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। इससे लोगों में गहरा आक्रोश है। नागरिकों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से चली आ रही हैए लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही।

**ज्ञापन सौंपा गया कलेक्टर को-** ग्राम के युवा कांग्रेस नेता परमानंद वर्मा ने इस गंभीर समस्या को लेकर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि ग्राम इंदामरा के लोग दिन.प्रतिदिन बिजली कटौती और अव्यवस्था से त्रस्त हैं। बिजली की अनियमित आपूर्ति से न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही हैए बल्कि गर्मी के दिनों में लोगों का जीना दूभर हो गया है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि गांव की बिजली व्यवस्था को तुरंत सुधारकर नियमित किया जाए और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

**आंदोलन की चेतावनी-** परमानंद वर्मा ने कहा कि अगर इस समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो ग्राम इंदामरा के लोग मजबूर होकर उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीणों का सब्र अब टूट चुका है और लोग अपने हक की लड़ाई के लिए एकजुट हो रहे हैं।

**ग्रामीणों की परेशानी-** गांव के छात्रों ने बताया कि रात में घंटों बिजली न रहने से पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। वहींए छोटे दुकानदारों और व्यवसायियों का कहना है कि बिजली नहीं रहने से उनका कामकाज बुरी तरह प्रभावित होता है। किसानों को भी फसल की सिंचाई के लिए पंप चलाने में दिक्कत आ रही है। महिलाएं और बच्चे भीषण गर्मी में पंखा और कूलर बंद होने से सबसे ज्यादा परेशान हैं।

**ठोस समाधान की मांग-** ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाएए खराब तारों और उपकरणों को बदला जाए और बिजली विभाग की टीम को गांव में नियमित निगरानी करने भेजा जाए। साथ हीए शिकायत आने पर अधिकारियों को समय पर फोन उठाकर ग्रामीणों को समाधान का भरोसा दिलाना चाहिए। ग्राम इंदामरा की बिजली समस्या अब गंभीर रूप ले चुकी है। नागरिकों का सब्र जवाब दे रहा है और अगर जल्द ही इस समस्या का ठोस समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन की स्थिति बनना तय है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के बाद अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी समस्या पर गंभीरता से विचार कर ठोस कदम उठाया जाएगा।

# अवैध शराब कोचियों पर कबीरधाम पुलिस की कार्यवाही - शराब तस्कर गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** अपराध क्रमांक 204/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी लाल कृष्ण साहू पिता स्व. रामु साहू, निवासी कोयलारी थाना सिंहनपुरी, अवैध शराब तस्करी में सक्रिय था। थाना साहसपुर लोहारा पुलिस ने विश्वसनीय सूचना पर दबिश देते हुए आरोपी को पकड़कर उसके पास से कुल 32 पाव देशी शराब बरामद की है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई में एएसआई लेखपाल साहू, आशीष सिंह, प्रधान आरक्षक शमशेर अली, आरक्षक जीतू सिंह एवं सुरेश चंद्रोल का विशेष योगदान रहा। कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में की गई। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (छ्वक्कस्) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में अवैध शराब का कारोबार करने वाले किसी भी कोचिये को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। कबीरधाम पुलिस निरंतर दबिश देकर ऐसे अपराधियों को कानून के दायरे में लाती रहेगी। अवैध शराब बेचने, ढोने या छिपाने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कहीं पर भी अवैध शराब की बिक्री या परिवहन की जानकारी हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। आपकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी और अवैध कारोबारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



## धर्म समाचार....

# घर की उत्तर दिशा में इन चीजों को रखने से कुबेर देव होते हैं प्रसन्न




वास्तु शास्त्र में उत्तर दिशा का संबंध कुबेर देव से माना गया है। इस दिशा में वास्तु नियमों का पालन करने से घर में खुशहाली आती है। साथ ही सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि वास्तु के अनुसार घर की इस दिशा में कौन-सी चीजें रखनी चाहिए। अगर आप अपने घर व ऑफिर में कुछ वास्तु नियमों का ध्यान रखते हैं, तो इससे आपको पॉजीटिव रिजल्ट देखने को मिल सकते हैं। इसके साथ ही वास्तु शास्त्र में हर दिशा का महत्व माना गया है। आज हम आपको उत्तर दिशा में जुड़े कुछ वास्तु टिप्स बताने जा रहे हैं। इस दिशा का संबंध कुबेर जी से माना गया है, जो धन और समृद्धि के देवता हैं।

**नहीं होगी आर्थिक तंगी**

वास्तु शास्त्र में माना गया है कि घर की उत्तर दिशा में धन या तिजोरी आदि रखने से धन लाभ के योग बन रहे हैं। इसके साथ ही आप इस दिशा में कुबेर देव का चित्र मूर्ति या चित्र भी स्थापित कर सकते हैं, जिससे आपको लिए धन लाभ के योग बनने लगते हैं। इसके साथ-साथ आपको इस दिशा में कुबेर यंत्र की स्थापना करने से भी अपने कारोबार में फायदा देखने को मिल सकता है।

**रख सकते हैं ये पौधे**

वास्तु शास्त्र में माना गया है कि आप अपने घर की उत्तर दिशा में मनी प्लांट और तुलसी जैसे पौधे रख सकते हैं। इससे धन की वृद्धि होती है। इसके साथ ही आपको घर की उत्तर दिशा में बांस का पौधा लगाने से भी लाभ मिल सकता है।

**इन चीजों को रखने से मिलेगा लाभ**

कुबेर देव की कृपा के लिए आप उत्तर दिशा में छोटा-सा फाउंटेन, एक्वेरियम, धातु से बना या क्रिस्टल का कछुआ आदि रख सकते हैं। इसके साथ ही वास्तु शास्त्र में उत्तर दिशा में नदी, झरने आदि की तस्वीर लगाना भी काफी शुभ माना गया है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का



प्रवाह बना रहता है। घर में पॉजिटिव एनर्जी को आकर्षित करने के लिए आप मुख्य द्वार पर नेम प्लेट, विंड चाइम्स आदि भी लगा सकते हैं।

**न रखें ये चीजें**

घर की उत्तर दिशा में भूलकर भी जूते-चप्पल, कूड़ेदान या किसी तरह का भारी सामान आदि नहीं रखना चाहिए। इससे कुबेर देव नाराज हो सकते हैं। जिस कारण आपको आर्थिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही उत्तर दिशा को गंदा भी न रखं, वरना इससे सकारात्मक ऊर्जा अवरूद्ध हो सकती है।

## जरूर रखें इन बातों का ध्यान, वरना लग सकता है वास्तु दोष

वास्तु शास्त्र में माना गया है कि अगर आप अपने घर में कुछ वास्तु नियमों की अनदेखी करते हैं तो इससे आपको वास्तु दोष का सामना करना पड़ता है। इससे धन की हानि समेत और भी कई समस्याएं झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में आपके वास्तु शास्त्र के इन नियमों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। अगर आप कुछ वास्तु नियमों की अनदेखी करते हैं, तो इससे आपके जीवन में कई तरह की परेशानियां बढ़ जाती हैं। वास्तु दोष धन खर्च का कारण बन सकता है, साथ ही घर में किसी सदस्य का लगातार बीमार रहना, लड़ाई-झगड़े जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में आप इन बातों का ध्यान रखकर भी वास्तु दोष से बच सकते हैं।




**पश्चिम दिशा से जुड़े नियम-** वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर आपका किचन घर की पश्चिम दिशा में है, तो इसे शुभ माना जाता है। बस इस बात का ध्यान रखें कि आपका किचन और टॉयलेट पास-पास नहीं होना चाहिए, वरना यह वास्तु दोष का कारण बन सकता है।

**दक्षिण दिशा के वास्तु नियम-** वास्तु शास्त्र में यह माना गया है कि घर की दक्षिण दिशा जितनी ढकी हुई हो उतना अच्छा होता है। ऐसे में आप घर की इस दिशा में भारी सामान जैसे तिजोरी, मशीनें आदि रख सकते हैं। ऐसा करने से स्थिरता बनी रहती है। लेकिन दक्षिण दिशा में भूलकर भी खराब मशीनरी, कबाड़, जूते-चप्पल या तुलसी का पौधा आदि नहीं रखना चाहिए। ऐसा करना अशुभ माना गया है।

**रखें इन दिशाओं का भी ध्यान-** आग्नेय कोण (दक्षिण-पूर्व दिशा) - वास्तु शास्त्र में इस दिशा को अग्नि की दिशा का रूप में देखा जाता है। ऐसे में आप इस दिशा में रसोई, बॉयलर, बिजली के उपकरण और हीटर जैसी आग से संबंधित चीजें रख सकते हैं। ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) - वास्तु शास्त्र में ईशान कोण को विशेष महत्व दिया गया है। इस दिशा में पूजा घर होना शुभ माना गया है। साथ ही घर की इस दिशा में वाटर टैंक या बोरिंग होना भी अच्छा होता है।

वायव्य कोण (उत्तर-पश्चिम दिशा) - घर की इस दिशा में बेडरूम या गैरेज होना अच्छा माना गया है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर में गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों का ईलाज प्राथमिकता से करने की जरूरत : कलेक्टर

## कलेक्टर ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए 17 सितम्बर को नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजन के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सकों की ली बैठक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शासकीय मेडिकल कालेज में 17 सितम्बर 2025 को गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजन की तैयारी के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सकों की बैठक ली। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस भी 17 सितम्बर को है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जिले में जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देने के लिए नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को शासकीय एवं निजी हॅस्पिटल के रायपुर, दुर्ग, भिलाई से आए विशेषज्ञ चिकित्सक जनसामान्य को चिकित्सा सेवाएं देंगे। नागरिकों में स्वास्थ एवं सेहतमंद रहने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को एक दिवसीय नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, भारतीय रेडक्रास सोसायटी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर में ह्रदय रोग विशेषज्ञ, बाल ह्रदय रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, गैस्ट्रोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट एण्ड सर्जरी, न्यूरोलॉजिस्ट, ऑकोलाजी सहित एमडी मेडिसिन एवं सर्जरी से जुड़े चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी बीएमओ से कहा कि गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों का चिन्हांकन करते हुए उनके ईलाज के लिए प्राथमिकता से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए सभी एसडीएम, बीएमओ, सीएमओ, जनपद सीईओ को आपस में



समन्वय करते हुए गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। इन मरीजों के आने जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने मरीजों के पंजीयन, भोजन, पेयजल के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच के लिए लैब टेस्ट, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, इको के माध्यम से परीक्षण हेतु सुविधाओं के लिए कहा। शिविर में रनर्स सिस्टम एवं वाहन की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में लोगों को अधिक से अधिक से शामिल होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मरीज अपने साथ अपना आधार कार्ड भी लेकर आएंगे। आवश्यकता होने पर उनका आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा। उन्होंने नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड से संबंधित एक अलग से स्टॉल होना चाहिए। मरीजों को अपनी पुरानी बीमारियों के दस्तावेज एवं आधार कार्ड लेकर आने के लिए जानकारी प्रदान करने के लिए कहा। शिविर में वैलेंटियर्स की भी ड्यूटी लगाएं। उन्होंने कहा कि इस नेक कार्य में स्वयंसेवी संस्थाओं की भी सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि मेगा स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को लाने-ले जाने के लिए व्हील चेयर की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजीयन के लिए हर विभाग अलग-अलग वालिंटियर्स की ड्यटी लगाएं। इस अवसर पर डीन मेडिकल कालेज डॉ. पंकज लुका, उप अधीक्षक मेडिकल कालेज डॉ. पवन जेठानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री एम भार्गव, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोराम, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रकाश टंडन, डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. यूके चंद्रवंशी, डीपीएम श्री संदीप ताम्रकार, उदयाचल से श्री अशोक मोदी, आईएमए से डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. नरेन्द्र गांधी, श्री मोहन पारख सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

# राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित थंगेश्वर कुमार साहू को किया गया सम्मानित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रिद्धि सिद्धि कॉलोनी राजनांदगांव में पूर्व सांसद माननीय अभिषेक सिंह जी द्वारा थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता को सत्र 2025 -26 राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित होने पर सम्मानित किया गया । इस मौके पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति लब्ध कवि पद्मलोचन शर्मा मुंहफ्ट, श्रीमती गायत्री शर्मा , कॉलोनी के पार्षद डूरेंद्र साहू जी, अध्यक्ष नरेश साहू जी और समस्त कॉलोनी वासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। थंगेश्वर कुमार साहू जी शुरू से ही बच्चों की पढ़ाई के प्रति विशेष रूचि रखते हैं । छुट्टी के पश्चात भी अतिरिक्त समय देकर बच्चों को पढ़ाते हैं, कमजोर बच्चों के लिए एवं मेधावी बच्चों के लिए अलग-अलग स्तर पर कक्षाएं लेते हैं । जिसका परिणाम है कि आपके विषयों का बोर्ड परीक्षा परिणाम हमेशा शत प्रतिशत रहता है । कई नवाचारों के माध्यम से जैसे गीत, कविता , चित्रों, वास्तविक सामग्री , प्रोजेक्टर का उपयोग कर बच्चों को बहुत ही सरल ढंग से पढ़ाते हैं । आप शाला त्यागी की दर को शून्य करने के लिए विशेष अभियान चलाते हैं । गांव-गांव में घूमकर पालकों के घर जाकर जागरूक करना, कोटवार , सरपंच , पंचगणों एवं एसएमडीसी के सदस्यों को शामिल कर इस अभियान को चलाते हैं । आप विद्यालय एवं ग्राम में पर्यावरण संरक्षण ,जल संरक्षण वृक्षारोपण पर विशेष कार्य करते रहते हैं । अभी वर्तमान में कुछ महीने पहले पद्मश्री फूलबासन बाई यादव जी का पर्यावरण एवं जल संरक्षण ,वृक्षारोपण पर एक बड़े स्तर पर कार्यशाला विद्यालय में आपकी अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आप विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक भी है । आप गरीब बच्चों की आर्थिक सहायता भी करते हैं । विद्यालय की सभी गतिविधियों में आपकी प्रमुखता से योगदान रहता है । आप एक अनुशासन प्रिय, परिश्रमी, मधुर व्यवहारिक एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक है । आप संकुल स्तर पर , ब्लॉक स्तर पर , जिला स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं । आप एक शिक्षक के साथ-साथ एक अच्छे साहित्यकार, कवि एवं लेखक भी हैं। आपकी लेख , रचनाएं अखबारों में प्रकाशित होते रहता है । काव्य पाठ के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कवि स्वर्गीय डॉ. सुरेंद्र दुबे जी के हाथों कई बार आपको सम्मानित किया जा चुका है । आपके पिताजी स्वर्गीय श्री चुनु राम साहू जी , जो कि एक शिक्षक थे और शिक्षा के क्षेत्र में , समाज के क्षेत्र में,उत्कृष्ट कार्य के लिए 1998 में राष्ट्रपति महामहीम के. आर. नारायणन के हाथों राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं । आपके चाचा जी टीकम लाल साव जो की एक शिक्षक हैं उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु राज्यपाल एवं राष्ट्रपति महामहिम अब्दुल कलाम आजाद के हाथों वर्ष 2003 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

# लोक गायिका सपना सिंह में लोकगीतों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को प्रस्तुत किया



## दमोह में सम्मानित किया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में विद्यालयों की भूमिका पर 10 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सीसीआरटी केंद्र दमोह में संपन्न हुआ यह आयोजन सांस्कृतिक स्तोत्र एवं प्रशिक्षण केंद्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा क्षेत्रीय केंद्र दमोह में 26 अगस्त से 4 सितंबर 2025 तक हुई इसमें देश के 10 राज्यों से 65 शिक्षकों ने भाग लिया श्रीमती सपना सिंह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ओडारबांध विकासखंड डोंगरगांव जिला राजनांदगांव में पदस्थ है इस कार्यशाला में श्रीमती सपना सिंह छत्तीसगढ़ की विभिन्न विधाएं सुआ करमा ददरिया पंथी को अपने गीत एवं नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में प्रस्तुतीकरण की सपना सिंह लोक गायन के साथ शास्त्रीय गायन में भी पारंगत है इन्होंने खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से शास्त्री गायन में एम ए की शिक्षा ग्रहण की है वह लोक गायन में करीब 1000 से अधिक मंचीय प्रस्तुति दे चुकी है लोक गायन के साथ छत्तीसगढ़ी गीतों की रचना भी करती हैं लोक गाथा ढोला मारू भी वे गाती है 2004 एवं 2005 में गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में अपनी प्रस्तुति दे चुकी है विभिन्न राज्यों की कला संस्कृति को समझने का इन्हें यहां सुखद अवसर मिला सृजन और संस्कृति के इस उत्सव में विभिन्न राज्यों से आए हुए शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रोजेक्ट कार्य पाठ योजनाएं वर्कशीट्स तैयार कर कला संस्कृति पर प्रकाश डाला शैक्षणिक विजिट के अंतर्गत इन्होंने खजुराहो की अद्भुत कला की



बारीकियां देखी सांस्कृतिक विरासत पर विभिन्न व्याख्यान सुने इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में अपने बच्चों के साथ कैसे इसको सार्थक एवं प्रभावी बनाया जाए इस पर चर्चा हुई आयोजन का संचालन देवनारायण रजक एवं त्रिपाल सिंह ठाकुर सर के द्वारा किया गया अंतिम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में वाय ए कुरैगी दमोह जिला जनसंपर्क प्रशासनिक अधिकारी रहे जहां पर श्रीमती सपना सिंह को मंच संचालन का दायित्व सोपा गया और इस तरह यह 10 दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई।



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टाटेकसा जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर मेरे प्रिय विद्यार्थियों में से एक श्री उद्धव सिंह ठाकुर व्याख्याता उ मा शा टाटेकसा के द्वारा सम्मान दिया जाना।

# तहसील कार्यालय में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, जनदर्शन में कलेक्टर से की गई शिकायत

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** वर्ष 1986 से संचालित हो रहा तहसील कार्यालय आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इस गंभीर विषय को लेकर क्षेत्रवासियों ने जनदर्शन कार्यक्रम में जिला कलेक्टर से शिकायत दर्ज कराई।

शिकायतकर्ता ने बताया कि तहसील कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष अपने भूमि, राजस्व, नामांतरण जैसे कार्यों के लिए पहुंचते हैं। लेकिन कार्यालय में महिला और पुरुषों के लिए अलग शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, कार्यालय में पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं उप पंजीयन कार्यालय एक ही भवन में संचालित हो रहे हैं, जिससे भीड़भाड़ और अव्यवस्था बनी रहती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आज़ादी के दशकों बाद भी अगर सरकारी कार्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जनदर्शन में इस विषय पर विस्तार से ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। यह शिकायत भगवानी लाल वर्मा, अधिवक्ता सिविल न्यायालय द्वारा दर्ज कराई गई, जिन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण शासकीय संस्थान में नागरिकों को सम्मानजनक वातावरण और बुनियादी सुविधाएँ मिलनी चाहिए। कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया है और संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही है।


# मुख्य मार्ग पर बैठे आवारा मवेशियों से सभी परेशान

## शहर में आवागमन में बन रहे बाधा , घुमंतू मवेशियों के लिए अब तक कोई व्यवस्था नहीं कर पाए जिला प्रशासन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के मुख्य मार्ग में बैठे आवारा मवेशियों से गांव और शहर के सभी निवासी अब आए दिन परेशान हो रहे हैं। ऐसे मवेशी जो गांवों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाने में लगे हैं, तो शहर में मुख्य मार्ग सडक़ों पर बैठे और विचरण करने वाले मवेशी आवागमन में बहुत बड़ी बाधा बने हुए हैं। इसके कारण कई बार दुर्घटनाओं में लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ रही है। ऐसे मवेशियों के प्रबंधन तथा लगाम लगाने में स्थानीय और जिला प्रशासन फेल होता नजर आ रहा है। इन दिनों गांवों तथा शहरों में बहुतायात में मवेशियों का जमावाड़ा नजर आ रहा है। गांवों में न जाने कहां से झुण्ड के झुण्ड मवेशी पहुंच रहे हैं। एक से दूसरे गांव वालों का कहना है कि आसपास के गांव के मवेशी पालक इन मवेशियों को उनके गांव में लाकर छोड़ रहे हैं। कभी गाय, बछड़ा ,आदि आमजनों के लिए पालतू पशु थे और लोग बड़े चाव से इसको पालते तथा देखरेख करते थे। लेकिन वर्तमान में गाय, भैंस आदि मवेशी पालने की रूचि लोगों में कम हो गई है। शहरों के बाद गांवों में भी मवेशी पालने की रूचि काफी कम हुई है और लोग इन मवेशियों के लिए चारा पानी की व्यवस्था न कर पाने से उसको अपने घर तो क्या, गांव से ही बेदखल करने पर आमादा हैं।

**किसानों के खेत की खड़ी फसलों को पहुंचा रहे नुकसान**

गांवों में आवारा धूम रहे मवेशियों से सर्वाधिक किसान वर्ग ज्यादा परेशान हैं। ऐसे मवेशी दिन में तो रोड आदि में बैठे रहते हैं, लेकिन रात होते ही किसानों के खेतों की ओर कूच कर जाते हैं और यदि



किसान थोड़े भी सजग न हुए तो खड़ी फसल चट कर जाते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि अभी खेतों में धान की फसल लगी है और अच्छी बारिश के बाद धान में बाली लगने वाली है। ऐसे में यदि मवेशी फसल को नुकसान पहुंचा दे तो फिर फसल को पुन: खड़े होने में टाईम लगेगा और अच्छी उपज भी नहीं आ सकती।

इस तरह की कई घटनाएं सामने आने के बाद बीते दिनों अनेक गांव के किसानों ने आवारा मवेशियों की शिकायत एसडीएम तथा थाना प्रभारी तकपशु को लेकर थाना पहुंचे थे। पिछले दिनों तो ग्राम अछोली और घुंघवा साल्हे के ग्रामीणों ने ऐसे आवारा मवेशियों का लाकर थाना में ही छोड़ दिया था।

**नगर के मुख्य मार्ग में जगह जगह लगा मवेशियों का झुण्ड**

इस तरह के घुमंतु मवेशी गांवों के बाद शहरवासियों के लिए भी अब मुसीबत बने हुए हैं। नगर में स्टेट हाइवे में जगह जगह मवेशियों का झुण्ड दिखाई पड़ रहा है, जो सडक़ पर आने जाने वालों के लिए खतरा बने हुए हैं। मवेशियों के रोड पर बैठे रहने से कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है और इससे टकराकर कई लोग घायल हो चुके हैं तथा अनेक अपनी जान गंवा बैठे हैं। सडक़ पर कब्जा जमाये बैठे भारी वाहनों की ठोकर से कई बार मवेशी भी घायल हो चुके हैं, लेकिन इनकी संख्या कम होने की बजाय बढ़ते ही जा रही है।

**काऊ कैचर का उपयोग नहीं**

कर रहे हैं नगर पंचायत प्रशासन के पास काऊ कैचर है, लेकिन उसका कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है। सडक़ पर बैठे व विचरते मवेशियों को देखकर भी नगर पंचायत प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी आंख मूंदे बैठा है। नगर पंचायत प्रशासन की इस लुंज पुंज व्यवस्था व अनदेखी से नगरवासियों में जमकर रोष व्याप्त है। सडक़ से मवेशियों को हटाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट तथा कलेक्टर का फरमान की भी यहां अनदेखी की जा रही है। सडक़ पर बैठे मवेशी अभी भी लोगों के लिए कॉल बने हुए हैं। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में घुमंतू मवेशियों के रोक थाम के लिए श्रेत्र के ग्रामीणों ने दस दिन का अल्टिमेटम दिया था अब इस घुमंतू मवेशियों को लेकर नगर के मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करने योजना बनाई गई है जो दो तीन दिनों के भीतर ग्रामीणजन शीघ्र करेंगे।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल . बल्देवबाग ने मनाया शिक्षक दिवस

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग में शिक्षक दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के



अवसर पर नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा सर्वपल्ली डॉण् राधाकृष्णन जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात् अपने उद्बोधन भाषण में श्री वाजपेयी ने समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ को शिक्षक दिवस की बधाई दी और आगे कहा कि किसी भी देश को महान बनाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों की भुरि.भुरि प्रशंसा करते हुए शाला में शिक्षकों के योगदान को रेखांकित किया। शिक्षक अपने शिक्षा द्वारा हमेशा यही प्रयास करें कि उनके विद्यार्थी भविष्य के राष्ट्रनिर्माण और देश को महान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा भिन्न.भिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें शिक्षक दिवस के महत्व पर सारगर्भित भाषण देते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में बच्चों द्वारा कविताए भाषण एवं नृत्य द्वारा रंगारंग प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में डॉयरेक्टर श्री वाजपेयी द्वारा भिन्न.भिन्न गतिविधियों से संबंधित शिक्षकों को उनके शाला में योगदान के लिए मोमेन्टों के साथ उन्हें सम्मानित भी किया गया। उक्त अवसर पर स्कूल शाला संचालक श्रीमती सोनल बाजपेयीए कुण् कुंतल बाजपेयीए श्रीमती रेणु बाजपेयीए प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लईए हेड मिस्ट्रेस क्रमश: श्रीमती वैशाली सिंगए श्रीमती स्नेहा तिवारी सहित शिक्षक.शिक्षिकाएं एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com